# PRE BOARD EXAMINATION, FEB - 2018

## SUBJECT - SECOND LANGUAGE (HINDI)

Class : X — Max.Marks : 80

Date : — Duration :3hrs.

निर्देश
1 इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं- क , ख , ग , घ।
2 चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3 यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

## खण्ड क

1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

जब हम अपने वर्तमान को देखते हैं,तो बड़ा गौरव होता है कि जंगलों में रहने वाला आदमी आज कहाँ पहुँच गया है।आज हम ज्ञान और विज्ञान के जिन शिखरों पर खड़े हैं,यह एक बहुत ही दुर्लभ संयोग है। धरती पर रहने वाले मनुष्य ने केवल कल कारखानों का ही निर्माण नहीं किया है,अपितु उन्मुक्त आकाश में ग्रह-नक्षत्रों तक भी छलाँग लगाने लगा है।आज हमारे पास ज्ञान का ऐसा खज़ाना है,जिसकी शायद पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी।

पर जब हम अपने भविष्य पर विचार करते हैं,तो एक धुँधलापन हमारे सामने छा जाता है।ऐसा डर लगने लग जाता है कि कैसे हमारी पृथ्वी तथा मानव जाति का संरक्षण हो पाएगा ? आज हमारे पास जो ज्ञान विज्ञान उपलब्ध है उसका सदुपयोग किया जाए,तो शायद पृथ्वी को स्वर्ग भी बनाया जा सकता है,पर यदि दुर्भाग्य से इसका सदुपयोग नहीं हुआ,तो विनाश के गहरे गर्त हमें खींचने के लिए तैयार बैठे हैं।

आज मनुष्य को अणु परमाणु का जो रहस्य प्राप्त हुआ है,यह मामूली बात नहीं है।यदि इसका सदुपयोग किया जाए तो निश्चय ही भविष्य को सुनहरा बनाया जा सकता है।पर यदि इसका दुरुपयोग हुआ तो प्रलय को ही आमंत्रण होगा। दुनियाभर के विचारशील लोगों को भय है कि परमाणु विज्ञान किन्हीं गलत हाथों में न चला जाए।उससे मानव सभ्यता को ही चुनौती मिल सकती है। आज आतंकवाद जिस तरह फल-फूल रहा है और मुट्ठीभर आदमी पूरी दुनिया में कँपकँपी फैला रहे हैं। यद्यपि उससे निपटाने के कुछ उपाय किए जा रहे है।अणु मिसाइयलों को निरस्त करने के लिए शस्त्र भी खोजे जा रहे हैं।

1 वर्तमान को देखकर हमें गौरव होता है, क्यों ? 2
2 भविष्य का विचार करने से हमारे सामने एक धुँधलापन क्यों छा जाता है ? 2
3 पृथ्वी को स्वर्ग कैसे बनाया जा सकता है ? 2
4 अणु परमाणु का जो रहस्य मनुष्य को प्राप्त हुआ है उसका सदुपयोग और दुरुपयोग कैसे हो सकता है? 2
5 उपर्युक्त गद्यांश का कोई उचित शीर्षक लिखिए। 1

2 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

उठो धरा के अमर सपूतो!
पुन: नया निर्माण करो।
जन-जन के जीवन में फिर से
नव स्फूर्ति,नव प्राण भरो।
नई प्रात है,नई बात है
नई किरन है,ज्योति नई
नई उमंगे,नई तरंगे
नई आस है,साँस नई।
युग-युग के मुरझे सुमनों में
नई-नई मुसकान भरो।
उठो धरा के अमर सपूतो!
पुन: नया निर्माण करो।।
डाल-डाल पर बैठ विहग कुछ
नए स्वरों में गाते हैं।
गुन-गुन,गुन-गुन करते भौंरे
मस्त उधर मँडराते हैं।
नवयुग की नूतन वीणा में
नया राग,नव गान भरो।
उठो,धरा के अमर सपूतो!
पुन: नया निर्माण करो।।

1 धरा के अमर सपूतों से कवि क्या अनुरोध कर रहे हैं ? 2

2 प्रकृति में कवि को क्या-क्या नए परिवर्तन दिखाई दे रहे हैं ? 2

3 'नूतन' और 'विहग' के शब्दार्थ लिखिए। 1

4 उपर्युक्त पद्यांश का कोई उचित शीर्षक लिखिए। 1

## खण्ड ख

3 'यह' और 'वह' शब्दों को पदों में परिवर्तित कीजिए। 2

4 निर्देशानुसार वाक्य रूपांतरण कीजिए। 3

क जब सभा शुरू हुई तब सब लोग चर्चा करने लगे। ( संयुक्त वाक्य में )

ख बस अड्डे पर रूकी और सवारियाँ चढ़ गई। (सरल वाक्य में )

ग चाय तैयार हुई तथा उसने वह प्यालों में भरी। ( मिश्र वाक्य में )

5 क निम्नलिखित शब्दों का समास - विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए- 2

स्वाधीन , सत्धर्म

ख निम्नलिखित शब्दों को समस्त - पद बनाकर समास का नाम लिखिए- 2

भला है जो मानस , विधि के अनुसार

6 निम्नलिखित वाक्यो को शुद्ध रूप मे लिखिए- 4

क कृपया भैया! बस धीरे चलाएँ।

ख कोशिश का प्रयास करने से ही सफलता मिलती है।

ग दस-दस आम दिए सभी को।

घ तुम्हें कल ही वापस लौटकर आना होगा।

7 निम्नलिखित वाक्यों की पूर्ति उपयुक्त मुहावरों द्वारा कीजिए। 2

क जब मैं कक्षा में देर से पहुँचा , तो शिक्षक ने मुझे............................ लिया।

ख 'सच्चाई के राह पर चलने वाला कभी असफल नहीं होता' इस बात को तुम ......................................... लो।

## खण्ड ग

8 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

क ओपन लड़ाई किसे कहा गया है ? (डायरी का एक पन्ना,पाठ के आधार पर ) 1

ख निकोबार के लोग ततॉंरा को क्यों पसंद करते थे ? 2

ग 'तीसरी कसम' फिल्म की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 2

9 छोटे भाई ने अपनी पढ़ाई का टाइम टेबिल बनाते समय क्या-क्या सोचा था और फिर उसका पालन क्यों नहीं कर पाया ? 5

अथवा

कारतूस पाठ के आधार पर वजीर अली की विशेषताओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए ?

10 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

क कंपनी बाग में रखी तोप क्या सीख देती है ? 1

ख मीरा की भक्ति भावना पर प्रकाश डालिए। 2

ग 'कर चले हम फ़िदा' गीत में कवि ने वीरों के प्राण छोड़ते समय का मार्मिक वर्णन किस प्रकार किया है ? अपने शब्दों में लिखिए। 2

11 कवयित्री ने अपने मन रूपी दीपक से किस तरह जलने की प्रार्थना की है ? कवयित्री को आकाश के तारे स्नेहहीन क्यों प्रतीत हो रहे हैं ? 5

अथवा

'आत्मत्राण' कविता का प्रतिपादय लिखिए।

12 हरिहर काका को किन यातनाओं का सामना करना पड़ रहा था ? कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 5

अथवा

इफ्फ़न 'टोपी शुक्ला' पाठ का एक महत्वपूर्ण पात्र है कैसे ? विस्तार से समझाइए।

## खण्ड घ

13 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेतो के आधार पर लगभग 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए। 5

दुर्लभ होता है अच्छा मित्र

- अच्छा मित्र कौन ?
- क्यों होता है ?
- कैसे करें चुनाव

हमारे देश का किसान

- भारत गाँवों का देश
- कष्टों से भरा कृषक जीवन
- किसानों के उन्नति के तरीके

प्लास्टिक की दुनिया

- प्लास्टिक की व्यापकता
- इसके प्रयोग के दुष्परिणाम
- लाभ हानि

14 किसी लोकप्रिय समाचार पत्र के संपादक को स्कूल में संपन्न हुए 'वन महोत्सव' का वर्णन करते हुए पत्र लिखिए। 5

15 रोहन और दिनेश के बीच 'मेट्रो रेल' विषय पर लगभग 80 शब्दों में संवाद लिखिए। 5

16 सामाजिक जागरूकता पर आधारित विज्ञापन "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" तैयार कीजिए। 5

17 मोहन शर्मा ने घर बनाने के लिए एक भू-भाग खरीदा है। खाली जगह होने के कारण लोग वहाँ कूड़ा कचरा फेंक देते हैं। लोगो को सूचित व सतर्क करने के लिए एक सूचना पत्र तैयार कीजिए जिससे वे कूड़ा न फेंक सकें। 5